## प्रेस नोट

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात** **दिनांक- 22.08.2026**

➢ **थाना शिवली पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए चोरी की 01 बकरी व 01 मोटर साइकिल सहित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार एवं 02 किशोर बाल अपचारी को पुलिस संरक्षण में लिया गया।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में अपराध नियंत्रण एवं चोरी की घटनाओं की रोकथाम तथा खुलासे हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, दिनांक 22.08.2026 को थाना शिवली पुलिस टीम द्वारा राम गंगा नहर पटरी रास्ते पर रामगढ पुल के पास थाना क्षेत्र शिवली में चैकिंग के दौराने भेवान की तरफ से 01 मोटर साइकिल पर तीन व्यक्ति बिना हेलमेट के 01 बकरी को लादे आते दिखाई दिये, जिनको रोककर पूछताछ के क्रम में, एक व्यक्ति द्वारा अपना नाम शिवा दीक्षित पुत्र अरुण कुमार दीक्षित निवासी चाट निवादा थाना रसूलाबाद जिला कानपुर देहात व 02 किशोर अपचारी बताया गया कि पूछताछ के क्रम में बताया गया कि यह मोटर साइकिल हम लोगो ने दिनांक 15/16.08.2026 की रात्रि में आगू रोड थाना अकबरपुर कानपुर देहात व दिनांक 20.08.2026 को थाना क्षेत्र रूरा के रिन्द नदी के पास बकरी चरा रहे एक किसान की बकरी को चोरी की गयी थी। जानकारी करने पर पाया कि उक्त चोरी की मोटर साइकिल UP 77 P 0644 के सम्बन्ध में वादी श्री लक्ष्मीकान्त सैनी पुत्र पुत्तू लाल निवासी वार्ड नं0 16 कन्हैयानगर आगूरोड राधे ट्रेडर्स के पीछे थाना अकबरपुर कानपुर देहात द्वारा थाना अकबरपुर पर मु0अ0सं0 344/2026 धारा 303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात चोर पंजीकृत कराया है एवं उक्त बकरी चोरी के सम्बन्ध में वादी राम प्रकाश पुत्र कामता प्रसाद निवासी ग्राम गुटैया थाना रूरा जनपद कानपुर देहात द्वारा थाना रूरा में मु0अ0सं0 258/2026 धारा 303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात चोरो के विरुद्ध पंजीकृत कराया गया है। चोरी की 01 बकरी व 01 मोटर साइकिल बरादमगी के आधार पर अभियुक्त शिवा दीक्षित उपरोक्त पुलिस हिरासत व 02 बाल अपचारी को पुलिस संरक्षण में लिया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना शिवली पर मु0अ0सं0 295/2026 धारा 317(2) बीएनएस बनाम शिवा दीक्षित पुत्र अरुण कुमार दीक्षित निवासी चाट निवादा थाना रसूलाबाद जिला कानपुर देहात व 02 किशोर अपचारी के विरुद्ध पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त शिवा दीक्षित व 02 बाल अपचारी को नियमानुसार समक्ष न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का नाम व पता -**

1. शिवा दीक्षित उम्र 22 वर्ष पुत्र अरुण कुमार दीक्षित निवासी चाट निवादा थाना रसूलाबाद जिला कानपुर देहात।
2. 02 किशोर अपचारी।

**अभियुक्त शिवा दीक्षित उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 344/2026 धारा 303(2) बीएनएस थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात।
2. मु0अ0सं0 258/2026 धारा 303(2) बीएनएस थाना रूरा जनपद कानपुर देहात।
3. मु0अ0सं0 295/2026 धारा 317(2) बीएनएस थाना शिवली जनपद कानपुर देहात।

## बरामदगी का विवरण-

1. 01 राशि चोरी की बकरी।
2. 01 चोरी की मोटर साइकिल UP 77 P 0644
3. जामा तलाशी से प्राप्त ₹180/-
4. जामा तलाशी से प्राप्त 03 मोबाइल फोन।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण–

1. **प्रभारी निरीक्षक श्री अमरेन्द्र बहादुर सिंह**
2. **उ0नि0 श्री अजय कुमार चौकी प्रभारी औनहा**
3. **का0 945 अभिषेक कुमार**
4. **रि0 628 गौरव कुमार**
5. **रि0का0 820 ओमवीर**
6. **रि0 का0 696 नन्द किशोर**